पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राजभवन में कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

———————

योगाभ्यास के लिए की गई वृहद् तैयारियां

——————————

आयोजन में प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को सम्बोधन का होगा सजीव प्रसारण

——————————

लखनऊः 20 जून, 2022

कल 21 जून, 2022 को यहां राजभवन में अष्टम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। योगाभ्यास के लिए राजभवन परिसर के लॉन में आज वृहद् तैयारियां की गई हैं। इस योगाभ्यास की गतिविधियां प्रातः 6:00 बजे से प्रारम्भ हो जायेंगी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वचनों से प्रारम्भ इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा राष्ट्र को सम्बोधन का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा।

योगाभ्यास में गणमान्य अतिथियों तथा राजभवन परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त ब्रह्माकुमारी संस्थान, पतंजलि योग संस्थान, दीनदयाल योग संस्थान, हार्टफुलनेस, ईशा फाउंडेशन, रामकृष्ण मिशन, योग टीचर एसोसिएशन, मोक्षायतन, सूर्यांश के सदस्यगण तथा अन्य प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

———————

डॉ0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन (234/23)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

8 योग दिवस
योगाभ्यास कार्यक्रम